तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार, 20 जून 2024



11 सिकलसेल को रोकने प्रत्येक व्यक्ति कराएं सिकल जांच



11 प्रदेश में डबल इंजन की सरकार तेजी से विकास...






## खबर संक्षेप

### दीवार से युवक गिरा, पेट में घुसा बांस, हुई मौत



**पलारी।** नगर में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में युवक की जान चली गई। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नं 4 निवासी राधे साहू अपने घर बाड़ी में दातुन तोड़ने कच्ची दीवाल पर चढ़ा था, तभी पैर फिसल गया और नीचे गिर गया, जिससे पेड़,पौधों के सहारा के लिए लगाई गया गया बांस मृतक राधे साहू के पेट से घुसकर आर पार हो गया तथा दिवाल भी भरभराकर उसके ऊपर गिर गई। बावजूद हिम्मत कर लहुलुहान वहां से उठकर घर आया। परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों द्वारा आनन फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के पहले ही दम तोड़ दिया।

### गांजा का अवैध परिवहन दो के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** सिंघोड़ा पुलिस ने गांजा का अवैध परिवहन कर रहे दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 9 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि नेशनल हाईवे 53 में ग्राम रेहटीखोल के पास आरोपी राजकुमार रघुवंशी पिता रामसिंग रघुवंशी (25 साल) निवासी राथ थाना नई सराय जिला अशोक नगर मध्य प्रदेश, बुंदेलाल आयाम पिता देवशरण सिंह (31 साल) निवासी कोडीमर थाना थरगांव जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर को बिना नंबर की स्कूटी से गांजा का अवैध रूप से परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 9 किलो गांजा कीमत 1,35,000 रुपए को जब्त किया गया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20 बी नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### शराब के नशे में दम घुटने से युवक की मौत

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र से शराब के नशे में दम घुटने से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 18 जून को शाम करीब 5 बजे रमेश कोल पिता रामप्रसाद कोल (35 साल) निवासी वार्ड नं. 11 बिबुरी शहडोल (मध्य प्रदेश) की मरच्युरी के जंगल के पास पेड़ के नीचे खेत में शराब के नशे में दम घुटने से मौत हो गई। घटना सम्बन्धी सूचना भास्कर स्वाई पिता सौरी स्वाई (50 साल) निवासी पदमपुर हाल मुकाम बेलसोंडा ने पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सारंगढ़, सरसीवां पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, सभी आरोपी रायपुर से दबोचे गए

# महाठग शिवा साहू और उसके 7 साथियों को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

कम समय पैसा दुगुना कराने का लालच देकर लोगों से ठगी करने वाले आरोपियों और उसके साथियों को पुलिस ने रायपुर में दबोच लिया। आरोपी पुलिस को छह माह से चकमा दे रहा था।

> ■ कम समय में लोगों को रकम दुगुनी करने का लालच देकर करते थे वसूली

पुलिस ने बताया कि रकम लेन देन के हाई प्रोफाईल मामले का मुख्य आरोपी शिवा साहू पिछले 6 माह से चकमा दे रहा था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर ही लिया। इसमें शिवा पिता टीकाराम साहू 42 वर्ष साकिन रायकोना थाना सरसींवा, झगेश उर्फ झगेश्वर पिता बिहारी लाल साहू 21 वर्ष साकिन रायकोना थाना सरसींवा, सूर्यकांत उर्फ सोनू पिता हेमलाल साहू 20 वर्ष साकिन मोहतरा (न) थाना सरसींवा, लक्ष्मीनारायण पिता भोजराम साहू 19 वर्ष साकिन रायकोना थाना सरसींवा, भागवत पिता धरमलाल साहू साकिन रायकोना थाना सरसींवा, रमेश पिता रामदुलारी साहू साकिन रायकोना थाना सरसींवा, दिनेश पिता देवनारायण साहू 27 वर्ष साकिन रायकोना थाना सरसींवा को गिरफ्तार किया गया है।

इस तरह मामले में अब तक कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तारी कर पुलिस कार्रवाई कर रही है। सारंगढ़ पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अभी सभी आरोपियों को रिमांड में लेकर कार्रवाई की जा रही है। अब तक शिवा साहू के खिलाफ कुल 24 मामले आएं हैं। विवेचना के दौरान आरोपियों द्वारा सौरभ अग्रवाल ने 9 मार्च को थाना सरसीवां में शिवा साहू निवासी रायकोना एवं अन्य आरोपियों के विरूद्ध शेयर मार्केट एवं क्रिप्टो करेंसी में पैसा लगाने पर प्रति माह 30 प्रतिशत देने एवं 8 माह पूर्ण होने पर



रकम दोगुना करने का लालच देकर 2 करोड़ रुपए की धोखाधडी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी प्रकार प्रार्थी गिरवर निराला के ने 10 मई को शिवा साहू एवं अन्य आरोपियों के विरूद्ध रकम दोगुना करने का लालच देकर 26 लाख की धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस पर थाना सरसीवों द्वारा अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। इसी तारतम्य में पूर्व में 5 आरोपियों वृन्दा साहू, टीकाराम साहू, मिथलेश साहू, संजय साहू एवं महेन्द्र कुमार साहू को गिरफ्तार किया गया था। 19 जून को उक्त दोनों प्रकरणों के 8 आरोपियों शिवा साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, सूर्यकांत साहू, रमेश साहू, दिनेश उर्फ दीपक साहू, झगेश साहू, भागवत साहू और कृष्णकुमार निराला को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में उनके द्वारा क्रिप्टो करेंसी के नाम पर लोगों से पैसा लेकर रकम दोगुना करने का लालच देकर लोगों से मिले पैसे को ही रोटेट कर धोखाधड़ी की जा रही थी और लोगों से प्राप्त राशि से स्वयं के लिए संपत्ती का अर्जन किया जा रहा था।

#### आरोपी के विभिन्न बैंकों के अकाउंट फ्रीज

विवेचना के दौरान आरोपियों द्वारा विभिन्न बैंकों के अकाउंट में जमा किये गए कुल राशि 6 करोड़ 40 लाख को फ्रीज होल्ड कराया गया है। इसके अतिरिक्त 30 एकड़ जमीन राशि करीबन 2 करोड़ 40 लाख, एक मकान कुल कीमत 64 लाख रूपए, वाहन 25 नग कुल कीमत करीबन 4 करोड़ 3 लाख नगद 1 लाख रूपये सोने के आभूषण कीमत 7 लाख, मोबाइल 10 नग कीमत 2 लाख 61 हजार, इस प्रकार अब तक कुल 13 करोड़ 57 लाख 61 हजार की सम्पत्ति जब्त की गई है।

#### सम्पत्ति होगी कुर्क

आरोपियों के विरूद्ध कुल 15000 रू इनाम की घोषणा पुलिस विभाग द्वारा की गई है। उक्त जब्त सम्पत्ति को विधिवत कुर्की के लिए कलेक्टर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ को पत्र प्रेषित किया गया है। अब तक 24 आवेदनकर्ताओं द्वारा करीबन 4 करोड रुपए की धोखाधड़ी का आवेदन दिया गया है।

# 14 साल तक किया दुष्कर्म, अब गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



शहर थाना पुलिस ने शादी करने का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पीड़िता द्वारा रिपोर्ट दर्ज करते हुए पुलिस एक्शन में आयी और 12 घंटे के अंदर आरोपी को दबोच लिया।

पुलिस ने बताया कि 18 जून को पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई की गुरुनानक वार्ड भाटापारा निवासी 28 वर्षीय चंद्रहास ने शादी करने का झांसा देकर मेरे साथ लगभग 14 वर्षों से लगातार दुष्कर्म करते आ रहा है। मेरे द्वारा 9 जून को भी शादी करने की बात कहने पर आरोपी द्वारा मना कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में धारा 376 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी चंद्रहास से पूछताछ की, जिसमें आरोपी द्वारा शादी करने की बात बोलकर महिला के साथ लगातार दुष्कर्म करना स्वीकार किया। प्रकरण में 19 जून को आरोपी चंद्रहास को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया गया है।

## नाबालिक से छेड़छाड़ एवं जान से मारने की धमकी दी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

नाबालिग से छेड़छाड़ एवं जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी दीपक 32 साल निवासी ग्राम बलौदा (हसुवा) थाना गिधौरी को 19 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।

स्थानीय पुलिस ने नाबालिक बालिका से छेड़छाड़ करने एवं ऐसा करने से मना करने पर नाबालिग बालिका एवं उसके भाई को जान से मारने की धमकी देते हुए, गाली गलौच करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थिया ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी कि, मैं अपनी बेटी के साथ बुधवार को तालाब में नहाने गई थी। तालाब में आरोपी दीपक मेरी बेटी को बहुत गलत नीयत से देख रहा था, मैंने उसे ऐसा करने से मना किया। इसके बाद हम दोनों तालाब से वापस अपने घर आ रहे थे, कि इस दौरान आरोपी दीपक द्वारा मेरी बेटी के साथ मारपीट किया। इसी बीच मेरा बेटा छुड़ाने एवं बचाने आया तो आरोपी द्वारा उसे भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 354(घ), 294, 506, 323 भादवि, 12 पाक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के प्रकरण के आरोपी दीपक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी द्वारा उक्त घटना करना स्वीकार किया।

# केवाईसी के दौरान 200 कनेक्शन ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



एक परिवार में एक आधार पर अब सिर्फ एक गैस कनेक्शन ही उपभोक्ता को मिल रहा है। एक से अधिक कनेक्शन ऑटोमेटिक ब्लॉक हो जा रहे हैं। केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना शुरू होने के बाद साफ्टवेयर तैयार किया गया है। एक परिवार में एक से ज्यादा कनेक्शन को गैस कंपनियों का नया साफ्टवेयर ऑटोमेटिक लॉक कर देता है। इस कारण दूसरे कनेक्शन से सिलेंडर रीफिलिंग की बुकिंग होना भी बंद हो गई है। केवाईसी के दौरान जिलेभर में दो सौ से अधिक कनेक्शन ब्लॉक हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा संख्या उज्ज्वला योजना के तहत लिए गैस कनेक्शन है। खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में करीब एक लाख 48 हजार गैस कनेक्शन कार्डधारक है। उज्ज्वला योजना के तहत हितग्राहियों को सिलेंडर में सब्सिडी दी जा रही है। कई घरों में लोगों ने एक आधार पर दो से ज्यादा कनेक्शन लिए हैं। इसमें सामान्य के अलावा उज्ज्वला योजना के कनेक्शन भी शामिल हैं। एक आधार पर एक से ज्यादा कनेक्शन लेकर कई परिवार सब्सिडी का दोहरा लाभ ले रहे हैं। इसे देखते हुए पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देश पर गैस कंपनियों ने नया साफ्टवेयर बनाया है। इस साफ्टवेयर के बनाए जाने के बाद ही देशभर में गैस कंपनियों ने उपभोफ्ताओं की केवाईसी कराने का काम शुरू किया है।

#### केवाईसी नहीं कराने वालों की बढ़ सकती है परेशानी

प्रत्येक गैस कनेक्शन उपभोक्ता को केवाईसी कराना अनिवार्य है। इसके तहत गैस एजेंसियों में अपने कार्ड का सत्यापन कराने के साथ बायोमेट्रिक प्रणाली अंतर्गत उनकी अंगुलियों के फिंगरप्रिंट भी लिए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि निर्धारित समय पर केवाईसी नहीं कराने वालों को आगामी दिनों में रीफिलिंग के लिए बुकिंग न होना, कनेक्शन ब्लॉक होना आदि परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

#### कनेक्शन हो रहा ब्लॉक

जिले में एचपी, इंडियन, इंडेन, भारत सभी कंपनियों के करीब 38 गैस एजेंसिया है। इन सभी एजेंसी के कनेक्शन धारकों को कार्यालय में जाकर केवाईसी कराना अनिवार्य किया है। इसके तहत उपभोक्ता केवाईसी भी करा रहे हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार जिले में अब तक लगभग 25 फीसदी कनेक्शन धारकों ने केवाईसी करा लिया है। केवाईसी कराने के दौरान परिवार के किसी भी एक सदस्य के आधार पर एक कनेक्शन का ही केवाईसी हो रहा है। उस सदस्य के आधार या परिवार के दूसरे सदस्य के आधार पर दूसरा कनेक्शन दिखाते ही वह ऑटोमेटिक ब्लॉक हो जा रहा है।


## पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

**NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.). NSDC-SID केन्द्र क्रमांक - TC210200**

निम्न तालिका अनुसार छ. ग. के विभिन्न जिलों में **कक्षा 12वीं (बायोलॉजी)** के प्राप्तांको के अनुसार संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम (2024-25) में प्रवेश, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉपोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम) हेतु आवेदन आमंत्रित ।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर एवं कुल सीटें)**

| प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर का नाम | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (EMT) | बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (MPHW) |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बिलासपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| मुंगेली | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जांजगीर-चांपा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कोरबा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| रायगढ़ | 60 | 60 | 30 | 30 |
| अम्बिकापुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| जशपुर | 60 | 60 | 30 | 30 |
| कबीरधाम /कवर्धा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| महासमुंद | 60 | 60 | 30 | 30 |
| बेमेतरा | 60 | 60 | 30 | 30 |
| राजनांदगांव | 60 | 60 | 30 | 30 |

आवेदन हेतु 12वीं कक्षा (बायोलॉजी) से न्यूनतम प्रतिशत अनु. जाति हेतु 45%, अनु. जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट भरें। साथ ही 25 रूपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विद्यार्थी सत्र 2024 में 12वीं उत्तीर्ण किए हैं वह विद्यार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारों को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिंग हेतु पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि: 20/07/2024 तक**

**कार्यालय का पता :-** NSDC **पैरामेडिकल संस्थान, महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

**प्रति,**

**संचालक**
NSDC **पैरामेडिकल संस्थान**
**महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013**

पासपोर्ट साइज फोटो

महोदय,

..........................(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ ।

1. आवेदक का नाम..........................
2. पिता/पति का नाम..........................
3. जन्म तिथि अंकों में..........................
4. अनु. जाति/ अनु. जनजाति / पिछड़ा वर्ग ..........................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित..........................
1. मो..................2. मो..................व्हाट्सएप नंबर..................
6. शैक्षणिक योग्यता,..........................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |

**कार्यालय संचालक, NSDC पैरामेडिकल संस्थान रायपुर (छ.ग.)**



## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**8224035555, 8370049468**



## एजेंसी देना है

हरिभूमि समाचार पत्र में सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिला के अंतर्गत बिलाईगढ़ में एजेंसी देना है।

समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति शीघ्र संपर्क करें।

**हरिभूमि कार्यालय, टिकरापारा**
**धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) मो. 8370049468**



Rahul Travels

TODAY OFFER

50% Discount on One Way Taxi



| Baloda Bazar To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd

Scan And Book
9926411411

*T&C Apply

RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

## खबर संक्षेप

### महिला ने खेत में लगाई फांसी

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम जबलपुर के खेत में एक महिला ने फांसी लगा ली। पुलिस ने बताया कि 13 जून को दोपहर करीब 3 बजे कौशिल्या सिदार पति मोहर सिंह सिदार 53 साल निवासी कुदारीदादर ने ग्राम जबलपुर के खेत में अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। घटना की सुचना मृतका के पति मोहर सिंह ने घटना की सूचना दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र में थूंकने की बात को लेकर एक युवक के साथ मारपीट की घटना हो गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी टिक्कू ठाकुर निवासी भिलाईदादर ने मुझे देखकर थूक रहा है कहते हुए प्रार्थी नेहरू साहू पिता हेमलाल (30 साल) के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### ग्रामीण से चार लोगों ने की 3 लाख की ठगी

**महासमुंद।** स्वजातीय लड़की बताकर एक लड़की से शादी कराते हुए 4 लोगों ने 3 लाख रुपए की ठगी कर ली। मामला बसना थाना क्षेत्र के भंवरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम जोगीदादर का है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जोगीदादर के हेमकुमार चौधरी पिता अमृतलाल चौधरी (34 साल) ने पुलिस को बताया कि 25 से 27 फरवरी के बीच आरोपी सुदामा पटेल पिता बरतराम पटेल निवासी ग्राम बड़े घोटला सारंगढ़ जिला रायगढ़ के साथ तीन अन्य लोगों ने मिलकर लड़की को स्वजातीय बताते हुए धोखे से उसके साथ मेरी शादी करा दी। वहीं आरोपी 3 लाख रुपए, लड़की द्वारा पहने सोने-चांदी के गहने के साथ मोबाइल लेकर भाग गए। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 419, 420, 406, 34 के तहत जुर्म दर्ज करते हुए जांच विवेचना शुरू कर दी है।

# फ्रीज किए खातों से पैसे की हेराफेरी, पिरदा जिला सहकारी बैंक संदेह के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जाड़ामुड़ा धान खरीदी फर्जीवाड़ा में को-

■ पुलिस ने अब तक नहीं की है कोई गिरफ्तारी

आपरेटिव बैंक पिरदा की भी मिलीभगत सामने आने से हड़कंप मच गया है। फर्जीवाड़े में शामिल लोगों के फ्रीज किए गए खाते को प्रशासन की अनुमति बगैर अनहोल्ड कर 25 लाख रुपए दूसरे व्यक्ति के खाते ट्रांसफर कर दिए। आरोपित किसानों के होल्ड अकाउंट निलंबित बीएम शिवनाथ पटेल और यहां पदस्थ अकाउंटेंट उसत प्रधान के आइडी से अनहोल्ड हुए थे। जाहिर है कि जाडामुड़ा कांड के आरोपियों की पकड़ बैंक व प्रशासन में कितनी गहरी है, क्योंकि बैंक अधिकारी खाता अनहोल्ड करने कलेक्टर तक की सहमति लेना आवश्यक नहीं समझ रहा है। इस मामले में प्रशासनिक पक्ष सामने नही आया है।

#### यह है पूरा मामला

वर्ष 2023-24 में धान खरीदी में प्रदेश का सबसे बड़ा फर्जीवाड़ा जिले के पिथौरा ब्लाक के जाड़ामुड़ा खरीदी केंद्र में उजागर हुआ है। यहां जांच में सामने आया कि फर्जी रकबे में करोड़ों की धान खरीदी फर्जी तरीके से की गई। सेवा सहकारी समिति जाड़ामुड़ा के तत्कालीन प्रबंधक उमेश भोई, दो कंप्यूटर आपरेटर मनोज प्रधान, मनीष प्रधान और 18 किसानों ने मिलकर इस फर्जीवाड़े को अंजाम दिया।जांच के अनुसार इन्होंने शासन से करोड़ों रुपये का चूना लगाया है। इस मामले में तत्कालीन प्रबंधक, दोनों कंप्यूटर आपरेटर और 18 किसान शामिल हैं। इसमें से छह लोग एक ही परिवार के हैं, जिसमे ईश्वर, संतलाल, दासरथी, निराकार, मनोहर और मनोज हैं। इसमें पिरदा बैंक में कार्यरत एक स्टाफ का इन आरोपियों से पारिवारिक संबंध है। होल्ड खाते को अनहोल्ड कराकर फंड ट्रांसफर कराने में इस कर्मचारी की भूमिका बताई जा रही है, जो जांच का विषय है।

#### जिला प्रशासन ने होल्ड कराया है खाता

जाड़ामुड़ा धान खरीदी फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद जिला प्रशासन ने इस मामले की जांच कराई। शुरुआती जांच में ही भारी गंभीर तथ्य सामने आया। फर्जीवाड़े की गंभीरता को देखते हुए इसमें शामिल किसानों के बैंक खातों की जांच कर जिला प्रशासन ने होल्ड करवाया था, लेकिन को आपरेटिव बैंक पिरदा के कर्मचारियों ने होल्ड खाते को जिला प्रशासन की बिना अनुमति के न केवल अनहोल्ड किया, बल्कि 25 लाख रुपये ट्रांसफर करने का दुस्साहस किया। उक्त राशि आरटीजीएस किए जाने की जानकारी पर जिला प्रशासन ने संबंधित धारक के खाते से 25 लाख को रिवर्स उसी खाते में जमा करवाया है। इस मामले में अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस ने फरार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में असफल रही है। साथ ही अन्य आरोपियों की धरपकड़ पर भी ध्यान नहीं दिया। आरोपियों के स्वजनों को नोटिस देकर थाने बुलाने और पूछताछ का प्रयास भी नहीं हुआ।

#### पारिवारिक कनेक्शन के चलते बैंक से पैसे की हेराफेरी

स्थानीय लोगों ने बताया कि को आपरेटिव बैंक पिरदा में उसत प्रधान अकाउंटेंट है, जो धान खरीदी फर्जीवाड़े में शामिल संतलाल परिवार का दामाद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि होल्ड खाते को अनहोल्ड करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। वीवीआर (वाउचर वेरिफिकेशन रिपोर्ट) से इसका पता लगाया जा सकता है। सेवा सहकारी समिति जाड़ामुड़ा में दो कंप्यूटर आपरेटर थे, जिसमें से एक मनोज प्रधान फर्जीवाड़े में शामिल संतलाल लाल प्रधान का भतीजा है, जो अभी फरार है। वहीं दूसरा कंप्यूटर आपरेटर मनीष प्रधान को आपरेटिव बैंक पिरदा में पदस्थ अकाउंटेंट उसत प्रधान का भतीजा है। वह भी फरार है। कोआपरेटिव बैंक पिरदा के प्रभारी ब्रांच मैनेजर आरएस भोई ने कहा, आरोपी किसानों के होल्ड अकाउंट बीएम शिवनाथ पटेल और यहां पदस्थ उसत प्रधान के आइडी से अनहोल्ड किया गया था। इसके बाद फंड आरटीजीएस किए गए। फिलहाल पटेल निलंबित हैं और उसत बैंक में कार्यरत हैं। उसत, आरोपी किसान संतलाल, दासरथी, निराकार के रिश्तेदार हैं।

### प्लांट के विरुद्ध जन आंदोलन की तैयारी में ग्रामीण

# अडानी पावर की जनसुनवाई 22 को ग्रामीण करेंगे विरोध, बैठक में लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

रायखेड़ा में 250 परिवार को उखाड़ फेंकने तथा 800 के दो पावर प्लाट लगाने की तैयारी में 22 जून को जन सुनवाई रखी गई है। गांव के ग्रामीणों द्वारा जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल तथा छत्तीसगढ़िया क्रांती सेना के प्रदेश अध्यक्ष अजय यादव से गुहार लगाई है कि यह विस्तार रुकवाया जाये अन्यथा भविष्य में प्लांट के विरुद्ध जन आंदोलन किया जायेगा। वर्तमान में 2 प्लांट 685 के कार्यरत है, जिसके कारण प्रदूषण इतना हो जाता है कि घर की छत काली होने लगी है। कोयले के जलने से प्रदूषण लगातार फैलते जा रहा है। एसिड रैन जिसे अम्ल वर्षा कहा जाता है फसलों को बर्बाद कर रहा है। जीव जंतु के जीवन पर खासा प्रभाव पड़ रहा है। जिला अध्यक्ष, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी योगेश साहू द्वारा बताया गया की अडानी प्लांट में चलने वाले ट्रक और गाड़ियों के कारण आये दिन एक्सीडेंट होते रहते हैं। ग्रामीणों का प्रदूषण के कारण बुरा हाल है।



#### कोयले की गैस से होता है लंग कैंसर

वहीं छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना जिला अध्यक्ष अजय कुमार वर्मा ने बताया की कोयले से निकलने वाली गैस के कारण सल्फुरिक अम्ल बनाता है, जो फसल, जीव–जंतु तथा ईमारत को नष्ट करता है। सल्फर के होने से सांस लेने में दिक्कतें होती है। लंग कैंसर होने की संभावना बन जाती है। गांव रायखेड़ा में हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्षों ने साफ-साफ कहा है कि विस्तार रोका जाये अन्यथा आंदोलन किया जायेगा। यह सिर्फ 250 परिवार का सवाल नहीं बल्कि आसपास के गांव के लोगों के लिए जीवन को प्रभावित करेगा।

#### प्लांट से फसलें हो रही बर्बाद

ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि पहले के प्लांट खुलने के कारण फसल बरबाद हो रही हैं पानी की गुणवत्ता का स्तर गिरते जा रहा है, जो जीवन को प्रभावित कर रहा है। गांव पंच चुन्नु निषाद व ग्रामसभा अध्यक्ष रामनारायण निषाद ने कहा कि अडानी पॉवर के विस्तार को रोकना चाहिए। नहीं रूकने पर उन्होंने आत्मदाह की चेतावनी दी है। वर्तमान में जो भी नौकरी दी गई है उसमें भी कोई नियमित नहीं है। साथ ही बंधवा मजदूर जैसे काम करवाया जाता है, जिससे गांव के लोगों में काफी नाराजगी है। छत्तीसगढ़िया क्रांती सेना और जोहर छत्तीसगढ़ पार्टी द्वारा अडानी प्लांट के विस्तार के विरुद्ध गांव में बैठक कर ग्रामीणों की मांग और विनती सुनी और यह आसवासन का दिया की आपकी समस्या का हल किया जाएगा।

# कारागुला मेला देखने गए आदिवासी युवक पर चाकू से हमला

### एक के सिर पर चोट, दोनों गंभीर रूप से घायल

**नर्रा।** ग्राम कारागुला में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भीम एकादशी पर बीते सोमवार को मेला का आयोजन हुआ। मेला देखने गए युवक पर चाकू से हमला कर दिया। हमला होने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ युवकों से किसी बात पर कहासुनी हो गई। इस दौरान चाकू से हमला कर दिया, जिसमें एक युवक के सिर में चोट आई है। मामला कोमाखान थाना क्षेत्र के टुहलू चौकी का है। मेले में तैनात पुलिस सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंची। जहां 112 पुलिस वाहन की मदद से घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया। वहां से रायपुर रेफर कर दिया गया। विदित हो कि इस मेले में हजारों की संख्या में भीड़ थी। मेले में कोमाखान थाना के टुहलू चौकी से आए पुलिस जवान तैनात थे। टुहलू चौकी प्रभारी मुरलीधर भोई का कहना है कि रात्रि मेले स्थल के कुछ ही दूरी यानी पंडरीपानी गांव जाने वाली मार्ग कच्ची सड़क पर मारपीट व चाकूबाजी की घटना हुई है।

#### गैस एजेंसी के गोदाम से सिलेंडर चोरी

**महासमुंद।** नगर के गौरव गैस एजेंसी के गोदाम से सिलेंडर चोरी के मामले में सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को लीलाधर ध्रुव पिता बैशाखू ध्रुव (39 साल) निवासी कोना ने बताया कि मैं भलेसर रोड में स्थित गौरव गैस एजेंसी के गोदाम में पिछले 6 महीने से चौकीदारी का काम करता हूं। गोदाम के कैंपस में ही बने कमरे में अपनी पत्नी के साथ रहता हूं। 17 जून की रात करीब 2.30 बजे कमरे के बाहर से कुछ आवाजें आ रही थी। जब मैं पता करने के लिए कमरे से बाहर निकला तो देखा कि बाउंड्रीवाल के पास दो अज्ञात व्यक्ति खड़े थे जो वहां पर खड़े गोदाम की गाड़ियों से सिलेंडर निकालकर दीवार के दूसरी ओर रख रहे थे। अंधेरे में मैं उन्हें ठीक से देख नहीं पाया। जब मैने शोर मचाया तो मेरी पत्नी भी कमरे से बाहर आ गई, हम लोगों को देखकर दोनों अज्ञात व्यक्ति दीवार कूदकर वहां से भाग गए। इसके बाद मैने गाड़ी के पास में जाकर सिलेंडरों की गिनती की तो इंडेन कंपनी के 5 भरे हुए सिलेंडर कम थे ,जिनकी कीमत लगभग 15000 रुपए है। इसकी सूचना मैने फोन के माध्यम से गैस एजेंसी के मालिक पंकज चंद्राकर को दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 380, 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



#### सांसद रूपकुमारी का स्वागत

**कोमाखान।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी का प्रथम आगमन हुआ। खल्लारी विस क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोमाखान स्थित समरसता भवन के पास स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अंचल के ग्राम बोड़रीदादर निवास भाजपा नेत्री नर्मदा हरिवल्लभ शर्मा ने मिठाई खिलाकर व शाल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान यहां पर पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान, तेंदूकोना मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, कोमाखान मंडल कार्यकर्ता, पदाधिकारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



#### केदारनाथ से बागबाहरा लाया गया मृत युवक का शव

**बागबाहरा।** भाजपा नेत्री अलका चंद्राकर ने बागबाहरा निवासी मृत युवक हेमंत सोनवानी का शव केदारनाथ धाम से बागबाहरा पहुंचने पर उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किए एवं ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवगंत आत्मा की शांति एवं परिवारजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया विश्व सिकलिन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल व जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर की अध्यक्षता में व बीएमओ डॉक्टर विजय आनंद कोसरिया, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे व विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह एवं आदिम जाति कल्याण विभाग से अजय माधवन की उपस्थिति में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन 19 जून बुधवार को किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष व जनपद अध्यक्ष के द्वारा 5 हितग्राहियों को सिकल सेल पहचान कार्ड का वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में बीएमओ डॉक्टर कोसरिया ने बताया कि सिकलिन की बीमारी एक अनुवांशिक बीमारी है, जो किसी भी जाति के व्यक्ति को हो सकता है। सिकलिन पॉजिटिव व्यक्ति को हमेशा खून चढ़ाने की आवश्यकता होती है, जिससे वह आर्थिक रूप से कमजोर हो जाता है। यदि किसी लड़का लड़की को सिकलिन पॉजिटिव है और उनकी शादी हो जाता है तो उनकी संतान भी सिकलिन प्रभावित होगी। इसलिए शादी के पूर्व कुंडली मिलान के साथ ही दोनों का रक्त जांच कराकर यह सुनिश्चित करें कि लड़का लड़की सिकलिन पॉजीटिव तो नहीं है।




शासन द्वारा सिकलिन पॉजिटिव व्यक्ति को दिव्यांग सर्टिफिकेट प्रदान किया जा रहा है, जिससे उन्हें दिव्यांग कोटे का समस्त लाभ जैसे सरकारी नौकरी, पढ़ाई लिखाई, राशन कार्ड इत्यादि का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग आम नागरिकों से अपील करता है कि एक दिन के बच्चे से लेकर 40 वर्ष तक के व्यक्ति का सिकल सेल की जांच स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क किया जा रहा है ।

#### 21 जून को होगा सामूहिक योगाभ्यासः प्रदीप

**महासमुंद।** भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम को भाजपा शीर्ष संगठन द्वारा वृहद स्तर पर मनाएगी। जिला महामंत्री प्रदीप ने प्रदेश संगठन द्वारा 21 जून को योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जारी की गई दिशानिर्देश बाबत जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल के दौरान उनके विशेष प्रयासों से 21 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्रसंघ के 193 सदस्य देशों के समर्थन से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। प्रदीप ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने 21 जून को होने वाले अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर ट्वीट करते हुए कहा है कि दुनिया इस वर्ष 10वां अंतराष्ट्रीय योगदिवस मनाएगी, जो एकता और सद्भाव का समारोह मनाने वाली एक शाश्वत पद्धति है। योग ने सांस्कृतिक और भौगोलिक सीमाओं को पार कर लिया है। और इसने समग्र कल्याण की तलाश में विश्व के लाखों लोगों को एकजुट किया है। 21 जून को योग दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी श्रीनगर में शामिल रहेंगे। महासमुंद जिला मुख्यालय में प्रभारी एवं खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिला महामंत्री प्रदीप ने 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश संगठन के आह्वान पर महासमुंद जिला में होने वाले आयोजन को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सभी 18 मंडलों में भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा सभी मंडलों में योगाभ्यास का आयोजन होगा। साथ ही भाजपा के सभी सातों मोर्चाओं के पदाधिकारियों को जिले में किसी भी एक स्थान पर योग दिवस का कार्यक्रम पृथक से मनाए जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# खल्लारी विधानसभा में पुलिस व्यवस्था भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि खल्लारी विधानसभा अंतर्गत लगातार चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और अपराध नशे के बढ़ते प्रभाव के चलते बढ़ रहा है। जिसमें चाहे कोमाखान में चोरी का मामला हो, चंडी मंदिर में चोरी का मामला हो, डाक घर, दुर्गा मंदिर, नागेंद्र कौशिक के यहां चोरी, शराब की अवैध बिक्री और गांव-गांव में ठेके की वापसी, जुआ-सट्टा का बढ़ता कारोबार और तो और केस रफा दफा करने लगातार सक्रिय दलाल। ऐसे ही भोथा निवासी सेल्समैन स्व. मनोज तिवारी के तथाकथित आत्महत्या के एक मामले को लेकर अंकित बागबाहरा ने आत्महत्या के लगभग एक माह बीत जाने पश्चात और कई महत्वपूर्ण सुराग होने के बाद भी अपराधियों को सबूत खत्म करने का पर्याप्त समय दिए जाने व घर वालों के निवेदन पर पुलिस अधीक्षक महासमुंद को पत्र लिख उक्त मामले की जांच उच्चस्तरीय करवाने व जांच में तेजी लाते हुए इन बातों को जरूर शामिल करने की मांग की है। इसमें सुसाइट नोट मिलने के बाद भी आज दिनांक तक समुचित धाराएं नहीं जोड़ी गयी है। व्हाट्सअप चैट व कॉल के लिए संबंधित मेटा कंपनी से विदेश से डाटा की मांग की जाए, कॉल रेकॉर्ड निकलवा उस आधार पर गहन जांच की गई कि नहीं, मृतक के जेब व गाड़ी से सामान भी चोरी की गई उस ओर भी जांच कर कार्यवाही अपेक्षित हैं। अंकित ने बताया कि मृतक का जिन संदेह जनक परिस्थियों में मिलना पाया गया। साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों अनुसार घटना स्थल पर एक से ज्यादा व्यक्ति होने की बात सामने आ रही है, उस आधार पर भी कड़ाई से जांच के ना होने से भी कई संदेह जन्म ले रहे हैं। समय बीतने के साथ कई शंकाएं कुशंकाएँ जन्म ले रही हैं, जिसका समय रहते समाधान आवश्यक है।



# राहुल गांधी के जन्म दिन पर अस्पताल में मरीजों को फल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस पार्टी के नेता अंकित बागबाहरा के नेतृत्व में बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व वर्तमान सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन मरीजों को फल वितरण कर मनाया गया। अंकित ने बताया कि राहुल गांधी ने हमेशा समावेशी विकास और सामाजिक न्याय पर जोर दिया है। वे गरीबी, शिक्षा, और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। राहुल गांधी ने कई राजनीतिक उतार-चढ़ावों का सामना किया है, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और लगातार अपनी पार्टी और देश के हित के लिए काम कर रहे हैं। लोगों से सीधा संवाद कर उनकी जमीनी हकीकत को जानना उनके प्रमुख गुणों में शामिल है। अंकित ने बताया कि उनका दृष्टिकोण हमेशा मानवता और करुणा पर आधारित रहा है। वे सामाजिक मुद्दों पर संवेदनशील होते हैं और लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। हार्वर्ड और कैम्ब्रिज जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षित राहुल एक ऐसे जननायक हैं, जिन्होंने पूरे भारत वर्ष की यात्रा कर सीधे आम जन से संवाद किया। उसी का परिणाम है कि वो दो लोकसभा क्षेत्र से 3 लाख से ज्यादा वोटों से जीते। उनके जन्मदिवस पर बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फल व बिस्कुट वितरण कर जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर खेमराज सिन्हा, राजू यादव, वीरेंद्र शुक्ला, लखन बघेल, सुनील बेवहार, रिहान कोहली, अभिषेक यादव, गिरवर साहू, मनीष ठाकुर, इंद्रा चौहान आदि उपस्थित रहे।





#### राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने मरीजों को बांटे फल

**सरायपाली।** सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसियों ने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन के मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों को फल वितरण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक ने कहा कि देश में एक तरफ नफरत का माहौल तैयार किया जा रहा है, उस परिस्थिति में हजारों किलोमीटर पैदल चलकर भारत जोड़ो यात्रा करने वाले नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर हमने मरीजों को फल का वितरण किया है। हम सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता उनके दीर्घायु जीवन की कामना करते है। इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, सरायपाली ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, पार्षद सुरेश भोई, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता रामदयाल पटेल, अरमान हुसैन, केशव अग्रवाल, एनएसयूआई प्रदेश सह संयोजक जयंत यादव, दुष्यंत साहू, विभीषण चौहान, लक्ष्मीनारायण चौहान, रोशन नाग, उमेश लोहा समेत कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

#### निकाय व पंचायत चुनाव एक साथ होने से नहीं होगी समय की बर्बादी : भाऊराम

**महासमुंद।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम साहू ने नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों को एक साथ कराए जाने विधायक दल, सांसदों और भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में बनी सहमति का स्वागत करते हुए इसे सर्व वर्ग के हित में बताया है। साहू ने कहा कि नगरीय निकाय तथा पंचायत चुनाव एक साथ होने से समय की बर्बादी व अनावश्यक खर्च से बचा जा सकेगा। बार-बार चुनाव कराने तथा संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू होने से विकास कार्यों की गति धीमी पड़ जाती है। महीनों तक संबंधित क्षेत्र का विकास अवरूद्ध हो जाता है। यदि नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव एक साथ हुए तो एक ही अवधि में सारे चुनाव संपन्न होंगे तथा अतिरिक्त समय खर्च होने से बचा जा सकेगा। साहू ने आगे कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष, महापौर का चयन अब जनता अपनी पसंद से करेंगे। जनता द्वारा चुने जाने से 5 सालों तक नगरीय निकायों में स्थिर व सशक्त जनप्रतिनिधि बैठ सकेंगे। जिससे शहरों के विकास कार्यों में कोई बाधा नहीं आएगा। साहू ने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय प्रदेश में महापौर, अध्यक्ष और पार्षद चुनने का अधिकार आम जनता को दिया गया था। लेकिन, प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद कांग्रेस ने निजी स्वार्थ के लिए महापौर चुनने का अधिकार आम जनता से वापस लेकर पार्षदों को दे दिया था।



**खबर संक्षेप**

## उड़ेला में जमीन बंटवारे के नाम पर चार लोगों ने युवक से की मारपीट

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत भंवरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम उड़ेला में जमीन का बंटवारा मांगने पर पिता और भैया ने पड़ोसियों को बुलाकर मारपीट करने के मामले पुलिस ने केस दर्ज किया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 16 जून को रात्रि करीबन 7 से 7:30 बजे करीबन टिकेश्वर सोनी अपने पिताजी एवं भैया से अपने हक की जमीन का बंटवारा मांगा तो उसके पिताजी शंभू सोनी एवं बड़े भैया टिकेलाल सोनी ने टिकेसर के साथ गाली गलौज कर जाने से मारने की धमकी दिया और पड़ोसी जमुना प्रसाद एवं जनकलाल रात्रे को बुलाकर घर के सामने रोड में चारों ने मिलकर टिकेसर को डंडे से मारा। जिससे उसके पीठ, दोनों हाथ, कमर, बाएं जांघ व अन्य जगहों में चोट लगी है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी शंभू सोनी, टिकेलाल सोनी, जमुना प्रसाद तथा जनकलाल रात्रे के खिलाफ 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध कायम किया है।

## कबीर जयंती पर सत्संग समारोह 22 को

**महासमुंद।** स्थानीय रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में 22 जून को बंदीछोर सतगुरु कबीर साहेब की 626वीं जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर शनिवार 22 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक संध्या पाठ, भजन एवं प्रवचन होगा। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कबीर निर्णय मंदिर ढेठा धमतरी के संत बलवान साहेब अपनी संत मंडली के साथ शामिल होंगे। उक्त जानकारी देते हुए कबीर मंदिर के व्यवस्थापक जितेंद्र साहेब ने कबीर पंथ के सभी अनुयायियों से सत्संग प्रवचन का लाभ लेने की अपील की है। सत्संग उपरांत दोपहर 2:30 बजे महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## बसुदेवा गीत पिथौरा में 21 जून को

**महासमुंद।** भारतीय सांस्कृतिक निधि महासमुंद अध्याय द्वारा विश्व संगीत दिवस पर 21 जून शुक्रवार को अपरान्ह 3 बजे छत्तीसगढ़ की लुप्तप्राय लोक गायन विधा बसुदेव गीत पर केंद्रित व्याख्यान एवं गायन कार्यक्रम का आयोजन गायत्री मंदिर परिसर रावण भाठा पारा पिथौरा में रखा गया है। मुख्य वक्ता वरिष्ठ लेखक व उपन्यासकार शिवशंकर पटनायक होंगे। जगदीश प्रसाद वासुदेव महाराज व उनके सहयोगी बसुदेव गीत प्रस्तुत करेंगे। वहीं अंचल की सुपरिचित गायिका कमला नायक की संगीतमय प्रस्तुति होगी। इस आयोजन के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि लेखक व पत्रकार स्वराज करूण होंगे। अध्यक्षता गायक व संगीत कलाकार जवाहर नायक सांकरा करेंगे। विशेष अतिथि विक्रमादित्य सिंह विचारक व लेखक भोपाल व तुकाराम पटेल, प्रमुख ट्रस्टी मां गायत्री शक्तिपीठ पिथौरा होंगे। संचालन रुपेश तिवारी व उमेश दीक्षित करेंगे। मार्गदर्शी सहयोग श्रृंखला साहित्य मंच पिथौरा का होगा। संयोजक दाऊलाल चंद्राकर व सहसंयोजक राजेश्वर खरे ने नगर व आसपास के संगीत प्रेमियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## लोकसभा निर्वाचन व्यय लेखा की जांच 30 को

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 09 महासमुंद के परिणाम की घोषणा के बाद 26वें दिन उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत चुनाव व्यय के खातों के विवरण की जांच करने के लिए 30 जून 2024 को प्रातः 10 बजे से शाम 05:30 बजे तक जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया है।

**निधन**

## सुरेश चन्द्र मिश्रा



**कसड़ोल।** कसड़ोल मिश्रा परिवार के भूतपूर्व मालगुजार स्व. अक्षय कुमार के तृतीय पुत्र सुरेश चन्द्र मिश्रा का आज रायपुर में निधन हो गया। उनकी पार्थिव शरीर को गृह ग्राम कसड़ोल लाया गया, जहां अंतिम संस्कार किया गया। वे प्रणेश तथा हिमांशु के पिता थे। वहीं नगर पंचायत उपाध्यक्ष ऋत्विक मिश्रा तथा सिध्दार्थ के चाचा थे। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन के साथ ही नगरवासी भी सम्मिलित हुए।

# जनजागरण मिशन ने प्रतिभाओं का किया सम्मान

**श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी हुए सम्मानित**

हरिभुमि न्यूज ▶▶| मुड़पार/सरसीवा

ग्राम टाटा स्थित रंगमंच प्रांगण में सोमवार को जनजागरण मिशन द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजेश जायसवाल ने जन जागरण मिशन एवं सम्मान समारोह की भूमिका प्रस्तुत की। साथ ही जन जागरण मिशन द्वारा अब तक ग्राम स्तर पर किये गये कार्यों की जानकारी प्रदान की। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत जनजागरण मिशन द्वारा किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने भारतमाता की प्रतिमा का पूजन किया। गौरतलब है कि पिछले सात वर्षों से जनजागरण मिशन द्वारा ग्राम स्तर पर प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाता रहा है। इसी कड़ी में वर्ष 2023–24 में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में ग्राम बिलासपुर व टाटा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान मोमेन्टो, सम्मान पत्र एवं कलम देकर किया गया। इस वर्ष कक्षा बारहवीं में प्रथम स्थान हेतु पलक जायसवाल बिलासपुर 70 प्रतिशत, द्वितीय स्थान लीना मानिकपुरी टाटा 64 प्रतिशत, कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान पूनम साहू टाटा 93 प्रतिशत एवं द्वितीय स्थान प्रीति केंवट टाटा 92 प्रतिशत को



प्रदान किया गया। श्री जायसवाल ने छात्राओं को पढ़ाई के अलावा समान्य ज्ञान बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये अपने को तैयार कर सकें। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि से.नि. प्रधान पाठक दशरथलाल साहू ने जनजागरण मिशन की सराहना करते हुये सम्मानित छात्राओं को बधाई दी। साथ ही समाज हित में सामाजिक बुराई को समाप्त करने की पहल की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे बैंकऑफ इंडिया सारंगढ़ के शाखा प्रबंधक प्रेमदीप कुर्रे ने आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शिक्षा लोन उपलब्ध कराने की बात कही। विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार साहू एवं शिवनाथ साहू ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह से छात्रों में उत्साह एवं अन्य बच्चों को प्रेरणा मिलती है। जनजागरण में धनेश्वर साहू द्वारा अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जनजागरण मिशन के सदस्य राकेश डहरिया, शंभुदास मानिकपुरी, प्रदीप मानिकपुरी, राजेन्द्र प्रसाद, दुर्गेश साहू, गोकुल साहू, गंगाराम साहू, धनश्याम महिलाने, शिव जायसवाल, स्वास्थ्य वर्कर खगेश साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में शिक्षक कुंजविहारी साहू, शिक्षक सहदेव साहू एवं बड़ी संख्या में नारी शक्ति उपस्थित रहीं।

### लोगों में जागरुकता बढ़ाने कलेक्टर ने झंडी दिखाकर सिकलसेल रथ को किया रवाना

# सिकलसेल को रोकने प्रत्येक व्यक्ति कराएं सिकल जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार/सरसीवां

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू की अध्यक्षता में प्रोग्रेस एडवांसिंग ग्लोबल सिकल सेल एंड ट्रीटमेंट थीम के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेड़वन में जिला स्तरीय विश्व सिकल सेल दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आदिम जाति विकास विभाग द्वारा निर्मित सिकलसेल रथ का कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में जाकर सिकलसेल बीमारी के बारे में प्रचार–प्रसार, इसके टेस्ट, उपचार और रोकथाम इत्यादि के बारे में लोगों में जागरूक करने का कार्य करेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धर्मेश साहू ने कहा कि अगर सिकलसेल की बीमारी को आने वाली पीढ़ी



में ट्रांसफर होने से रोकना है, तो सभी व्यक्तियों को सिकल सेल का टेस्ट अनिवार्यतः कराना होगा एवं टेस्ट से पॉजिटिव आए व्यक्तियों को परस्पर विवाह से बचना होगा, तभी इस बीमारी का उन्मूलन संभव है। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. अवधेश पाणिग्राही ने बताया कि सिकलसेल की बीमारी एक अनुवांशिक बीमारी है, जिसमें हीमोग्लोबिन चौन के छठवें स्थान पर ग्लूटामेट की जगह पर वेलीन नामक अमीनो एसिड चौन में प्रतिस्थापित हो जाते हैं, जिससे लाल रक्त कणिकाएं हंसिया आकार में परिवर्तित हो जाती है, जिससे हंसिया दात्र अरक्तता या सिकलिन नामक बीमारी उत्पन्न होती है। राज्य से हमें 40 वर्ष से कम आयु के लगभग 422000 लोगों का परीक्षण करने हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें से लगभग 180000 का टेस्ट किया जा चुका है, जिसमे 700 बीमार और 1000 कैरियर मिले हैं। हमारे पास टेस्ट के पर्याप्त साधन उपलब्ध हैं। लोग स्वास्थ्य केंद्र जाकर अपना सिकल सेल टेस्ट जरूर कराएं। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों का सिकल सेल टेस्ट करने के साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य भी किया गया। कलेक्टर द्वारा कार्यक्रम में सिकल सेल मरीजों को पीवीसी आईडी कार्ड तथा आमजनों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किया गया।

■ भेड़वन में मनाया गया जिला स्तरीय विश्व सिकलसेल दिवस

## घर-घर जाकर सिकलसेल की जांच करने प्रोत्साहित कर रही मितानिनें

**बिलाईगढ़।** अंचल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ के निर्देशानुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव खंड चिकित्सा अधिकारी बिलाईगढ़, राम नारायण देवांगन नगर पंचायत अध्यक्ष बिलाईगढ़, प्रभाकर कर्ष जनप्रतिनिधि के मार्गदर्शन में विश्व सिकल सेल दिवस मनाया गया एवं जांच करा चुके चिन्हांकित लोगों को सिकल सेल कार्ड का वितरण किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा सभी स्वास्थ्य केंद्रों में 0 से 40 वर्ष के सभी लोगों का सिकल सेल टेस्ट का महा अभियान चलाया गया। इसमें मितानिनों द्वारा घर-घर जाकर 0 से 40 वर्ष के लोगों को स्वास्थ्य केंद्र में ले जाने का कार्य किया। सिकल सेल रोग एक अनुवांशिक विकार है, जिसमें लाल



रक्त कोशिकाएं हासियां के आकार की हो जाती है और कोशिकाएं जल्दी ही मर जाती है। यही स्थिति में सिकल सेल की बीमारी होती है। शासन का मुख्य उद्देश्य लड़का -लड़की शादी के पहले अपना सिकल सेल टेस्ट करवा लें ताकि आने वाला वंश सुरक्षित हो, इस अवसर पर प्रमुख रूप से चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास नायक, अविनाश देवांगन लैब टेक्नीशियन, महेंद्र बंजारे लैब टेक्नीशियन, प्रीतम पैकरा लैब टेक्नीशियन, कांता यादव लैब टेक्नीशियन, तोषण साहू नेत्र सहायक अधिकारी, संतोष देवांगन नेत्र सहायक अधिकारी, अंबिका ध्रुव काउंसलर, वर्षा सोनी आर एच ओ, सचिन एक्स–रे टेक्निशियन और मितानिन के अलावा अनेक लोग मौजूद रहे।

## विश्व सिकल सेल दिवस पर कॉलेज में लगा वेबीनार

**बलौदाबाजार।** शासकीय महाविद्यालय लवन के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा निम्हांस बेंगलुरु के ह्यूमन जेनेटिक्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व सिकल सेल दिवस पर वेबीनार आयोजित किया। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, जैव प्रौद्योगिकी विभाग की स्टार कॉलेज योजना अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम के श्रोत वक्ता डॉ. बीवी गुरुदत्त, सहायक प्राध्यापक सेण्टर फॉर ह्यूमन जेनेटिक्स विभाग निम्हांस बेंगलुरु थे। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सिकलसेल रोग के कारण, निदान एवं प्रबंधन पर जागरूकता का प्रसार किया गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 19 जून को विश्व सिकल सेल दिवस के रूप में मनाने के लिए दिसंबर 2008 में एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके उपरांत प्रतिवर्ष यह दिवस मनाया जाता है। मुख्य वक्ता डॉ. गुरुदत्त ने सिकलसेल रोग की आनुवांशिकी और इतिहास पर प्रकाश डालते हुए जीनोम वाइज एसोसिएशन स्टडीज के विषय में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया, जिसमें वैज्ञानिक किसी विशिष्ट रोग के लिए उत्तरदायी जीन की पहचान की जाती है। उन्होंने कहा कि यह रोग प्लियोट्रोफी प्रभाव परिलक्षित करता है, जिससे बीटा ग्लोबिन जीन में होने वाला एकल बिंदु उत्परिवर्तन शरीर के अनेक अंगों और जैविक गतिविधियों को प्रभावित करता है। कार्ग्रकम में इस विकार से मस्तिष्क पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही डॉ. गुरुदत्त ने सिकल सेल स्क्रीनिंग, एलिल फ्रीक्वेंसी गणना तथा रोग के प्रबंधन हेतु सामान्य उपचार, जीन थेरेपी तथा अन्य नवाचारी आधुनिक विधियों के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने पेशेंट रजिस्ट्री, सतत स्क्रीनिंग और जीनोम डाटा एनालिसिस की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि नीति निर्धारकों तक वैज्ञानिक अध्ययन पहुंचाया जा सके। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ तथा बलौदाबाजार भाटापारा जिले में सिकल सेल स्क्रीनिंग के आंकड़े साझा किये गए। स्टार कॉलेज योजना के कार्यक्रम समन्वयक और प्राणीशास्त्र के सहायक अजय मिश्रा ने बताया कि सिकल सेल रोग को एक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में प्रसारित करने और आवश्यक निवारक उपाय करने के लिए हितधारकों के बीच जागरूकता उतपन्न करने के उद्देश्य से यह वेबिनार आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश एवं भारत के अनेक राज्यों से प्राध्यापक तथा छात्र छात्राएं लाभान्वित हुए।

■ कॉलेज के प्राणीशास्त्र विभाग ने निम्हांस बेंगलुरु के ह्यूमन जेनेटिक्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया

## कर्नाटक के विवि में पढ़ाई जा रही हैं नगर के साहित्यकार की कविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नगर के साहित्यकार अजय अमृतांशु की 'सहभागिता' विषय से संबंधित कविता कर्नाटक राज्य के अक्कमहादेवी महिला विश्वविद्यालय विजयपुरा ने पाठ्यपुस्तक में शामिल किया है। सहभागिता विषय पर लिखी इनकी कविता को जिसे बीएससी, बीएचएससी, बीएफटी तथा बीसीए फाइनल में हिन्दी की छात्राएं अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ रही हैं। विदित हो कि कर्नाटक राज्य अक्कमहादेवी महिला विश्वविद्यालय से 100 से भी अधिक महाविद्यालय सम्बद्ध है। साहित्य तरंग-3 हिंदी पाठ्यक्रम में भारत के अन्य राज्यों के साहित्यकारों के साथ छत्तीसगढ़ के 9 साहित्यकारों की कवितायें व लेख को शामिल किया है जो कि गौरव का विषय है। विश्वविद्यालय में सम्मिलित इस पाठ्यक्रम से लगभग 15 अंकों का एक से अधिक दीर्घ उत्तरीय व लघु उत्तरीय प्रश्न विद्यार्थीगण परीक्षा में हल करते हैं। छत्तीसगढ़ से अरुण कुमार निगम, सरला शर्मा, आशा देशमुख, सूर्यकान्त गुप्ता, चोवाराम वर्मा बादल, जीतेन्द्र वर्मा खैरझिटिया, दिलीप कुमार वर्मा, सुखदेव सिंह अहिलेश्वर की कवितायें और लेख भी पाठ्यक्रम में शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के अनेक साहित्यकारों ने पाठ्यक्रम में शामिल सभी साहित्यकारों को बधाई दी है।

## निर्दोष लोगों को कार्रवाई से बचाने बसपा ने की एसपी से मुलाकात



**बलौदाबाजार।** जिले में 10 जून को हुई आगजनी की घटना के परिपेक्ष्य में मंगलवार को छत्तीसगढ़ बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधिमंडल श्याम टंडन के नेतृत्व में बलौदाबाजार पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर आग्रह किया की उक्त घटना में निर्दोष लोगों पर पर कार्रवाई न हो। वहीं एसपी ने भी आश्वासन दिया की बेगुनाहों पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। इस अवसर पर दाऊराम रत्नाकर, ओपी बाजपेयी, लता गेडाम, प्रहलाद साहू, यशवंत कुमार डोंडेय, खेलूराम साहू, अमरदास सोनवानी अन्य उपस्थित रहे।

## अंचल में भीमसेनी एकादशी मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



नगर सहित आसपास ग्रामीण अंचल में मंगलवार को भीमसेनी एकादशी या निर्जला एकादशी का पर्व मनाया गया। भीमसेनी एकादशी पर निर्जला व्रत रखा। वैसे तो पूरे वर्ष भर में 24 एकादशी का व्रत होता है। वर्ष में यदि पुरुषोत्तम मास आ जाता है तो एकादशी की संख्या बढ़कर कल 26 हो जाती है। किंतु जेष्ठ शुक्ल पक्ष की एकादशी को सबसे बड़ा एकादशी व कठिन व्रत के रूप में माना गया है, जो की भीषण गर्मी का माह होता है और उसमें भी उपासकों को बिना अन्न जल ग्रहण किए हुए रहना होता है जो की काफी कठिन माना गया है। पौराणिक कथा के अनुसार युधिष्ठिर, माता कुंती, द्रौपदी, अर्जुन, नकुल और सहदेव आदि एकादशी के दिन व्रत करते हैं, किंतु भीमसेन व्रत नहीं रखता था तो उसे भी एकादशी के दिन अन्न खाने को मना करते हैं। भीम कहता भाई, मैं भक्तिपूर्वक भगवान की पूजा कर सकता हूं और दान दे सकता हूं, लेकिन मैं भूखा नहीं रह सकता। इस पर महर्षि व्यास ने कहा भीमसेन वे सही कहते हैं। शास्त्रों में कहा गया है कि एकादशी के दिन अन्न नहीं खाना चाहिए। यदि तुम नरक को बुरा और स्वर्ग को अच्छा समझते हो तो प्रत्येक माह की दोनों एकादशियों को अन्न न खाया करो। महर्षि व्यास की बात सुन भीमसेन ने कहा की सभी एकादशी व्रत को तो नहीं रख सकता, किंतु नरक जाने से बचने के लिए मैं एक ही दिन का व्रत रखूंगा, वह भी बिना अन्ना जल ग्रहण ग्रहण किये, निर्जला व्रत रखूंगा। जिससे मुझे स्वर्ग की प्राप्ति होगा। भीमसेन का निर्जला व्रत रखने के कारण इसे भीमसेनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है।

**नवनिर्वाचित सांसद का हुआ सम्मान एवं नागरिक अभिनंदन**

# प्रदेश में डबल इंजन की सरकार तेजी से विकास करेगी : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर स्थित साहू भवन में बुधवार को नवनिर्वाचित सांसद कमलेश जांगडे का स्वागत सभा का कार्यक्रम हुआ। इसमें मंडल अध्यक्ष नन्दकुमार वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जांगजीर-चांपा लोकसभा को हमने साठ हजार वोटों से जीता है और भाजपा मंडल पलारी से भारी जीत हासिल की है।

नवनिर्वाचित सांसद जांगजीर चांपा कमलेश जांगडे ने कहा कि ये कार्यकर्ताओं यह की जीत है। भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने तन मन और धन के साथ मेहनत किया है। हम जनता के आशीर्वाद से आज सांसद बने हैं। आप सब ने कमलेश को जीताकर मोदीजी को प्रधानमंत्री बना कर एक बार फिर से देश को मजबूत प्रधानमंत्री दिए हैं



और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनी है। निश्चित ही इससे देश और प्रदेश का विकास होगा। इस दौरान सेवानिवृत्त प्रधानपाठक प्यारे लाल वर्मा को गमछा पहनाकर पार्टी प्रवेश कराया गया।

मुख्यवक्ता लोकसभा प्रभारी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने स्वागत अभिनन्दन कार्यक्रम में कहा कि भाजपा लगातार छठवीं बार लोकसभा हम जीतते रहे हैं। जांजगीर पर सबकी नजर थी, क्योंकि भाजपा के 8 विधानसभा में कोई विधायक नहीं रहने के बावजूद भी जांजगीर के कार्यकर्ताओं की मेहनत से हमने विजय हासिल किए हैं और निकट प्रतिद्वंद्वी पूर्व मंत्री को हराया है। जांजगीर लोकसभा सीट जनता की जीत है तथा जन मानस के आशीर्वाद से देश में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने और निश्चित ही मोदीजी के नेतृत्व में विकसित भारत बनेगा और विश्व पटल पर भारत सर्वोच्च शिखर पर पहुंचेगा।

### मेरी जीत कार्यकर्ताओं की जीत है : कमलेश



**लवन।** भारतीय जनता पार्टी मंडल लवन द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मान समारोह एवं सांसद अभिनंदन कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि जांजगीर चांपा लोकसभा में मिली जीत पूरे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम का परिणाम है। यह जीत आप सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि विपरीत परिस्थिति में मिली यह जीत आप सबके अथक प्रयास का नतीजा है। जांजगीर चांपा के आठ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के विधायक होने के बाद भी आपने अपनी मेहनत के दम पर अपना सांसद बनने में सफलता प्राप्त की है, इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. अजय राव, विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, जिला अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, मंडल अध्यक्ष विजय यादव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुलोचना यादव, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, बिलाईगढ़ विधानसभा के प्रत्याशी रहे डॉ. दिनेश लाल जांगड़े, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गिरधारी वर्मा, पवन साहू, रामकुमार साहू, प्रशांत यादव, अनुपम बाजपेयी, गोविंद घृतलहरे, रामलाल कुर्रे, विकास अग्रवाल, भावेश तिवारी, योगेश वर्मा, सर्वेंद्र साहू, रमन साहू, रमाशंकर साहू, दौलत वर्मा, चंद्रभूषण वर्मा, गजानंद वर्मा, गोविंदा साहू, पारस ताम्रकार, मनोज पांडे, योगेश साहू, रोहित साहू, डेविड प्रजापति, राम कृपाल वर्मा, महासिंह यादव, जीवन साहू, डागे मानिकपुरी, प्रेमलाल साहू, रामनाथ यादव, रमैया साहू, चूड़ामणि सिंघम, गायेश्वर साहू, नरेंद्र साहू, एस कुमार धीवर, दिलीप बंदे, दुर्गेश बाजपेयी, मनेंद्र जायसवाल, बंशी चेलक, योगेश वर्मा, ईशान वैष्णव, सुनील टुंद्रे आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## परिसर को हरा-भरा व स्वच्छ बनाए रखने किया महाविद्यालय में पौधारोपण

**सरायपाली।** स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन किया गया। महाविद्यालय के परिसर को हरा भरा एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई है। महाविद्यालय के प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारियों को दो पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन करने का दायित्व दिया गया है। मानव जाति का अस्तित्व प्रकृति के होने पर संभव है, बिना प्रकृति के मानव जाति की कल्पना नहीं की जा सकती। हमारी प्रकृति हमें जीवन जीने के लिए निःशुल्क उपहार प्रदान किया है। हमारा दायित्व है कि प्रकृति के अनमोल रत्न को सावधानीपूर्वक उपयोग करें। इसी कड़ी में पौधरोपण के लिए विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। विधानसभा के गणमान्य नागरिकों एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जामुन, कदंब और करंज पौधे रोपित किए। जिसमें से विश्वनाथ नायक, रामदयाल पटेल, पुष्पेंद्र पटेल, पार्षद सुरेश भोई, मोहनलाल भोई, अरमान हुसैन, जयंत यादव, हन्नु अग्रवाल, दुष्यंत साहू, उमेश लोहा, टकेश गार्डिया, साहेबराम पटेल, मिलाप चौहान, विभीषण चौहान, ओमप्रकाश चौहान आदि सम्मिलित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए।

